**भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण**

**प्रैस विज्ञप्ति**

**भारत और फ्रांस ने नागर विमानन पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ।**

**नई दिल्ली, 13 अप्रैल 2017: परिवहन पर भारत- फ्रेंच के संबंधों को सुदृढ़ करने के लिए भारत के माननीय नागर विमानन मंत्री, श्री पी.अशोक गजपति राजू ने आज यहां एच.ई. एलेन विडालीज, फ्रांसीसी राज्य समुद्री परिवहन मामले और मत्स्य पालन मंत्री से मुलाकात की जो कि हाल ही में भारत में सरकारी दौरे (11 अप्रैल से 13 अप्रैल 2017) पर थे।**

**दोनो मंत्रियों की उपस्थिति में, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण तथा फ्रेंच नागर विमानन प्राधिकरण (डीजीएसी) ने दोनो देशों के बीच सक्रिय तकनीकी सहयोग कार्यक्रम को बढाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए । कार्मिको की आदान-प्रदान तथा तकनीकी जानकारी को शेयर करने के लिए कौशल एवं विशेषज्ञता की दीर्घकालिक वृद्धि के लिए यह करार लाभकारी रहेगा ।**

**महामहिम एलैक्जेंडर जिगलर, भारत में फ्रांस के राजदूत ने फ्रांस का प्रतिनिधित्व करते हुए तथा श्री ए.के.दत्ता,सदस्य (एएनएस) ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की और से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ।**

**मूल रूप से वर्ष 2010 में इसकी शुरूआत की गई, इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत इंडो-फ्रेंच सहयोग करार का नवीनीकरण एक महत्वपूर्ण समय में आया है जब भारतीय विमानन उद्योग तेजी से बढ रहा है एवं इसमें अत्यधिक कुशल कार्यदलों की आवश्यकता है । इस तकनीकी सहयोग कार्यक्रम के तहत भारतीय अधिकारियों की कई टीमों ने पहले ही फ्रांस में टूलूज तथा पेरिस का दौरा किया ।**

**सक्रिय सहयोग के समृद्ध और दशकों पुराने इतिहास के प्रतिबिंब में, हाल ही में हैदराबाद में फ्रैंच और भारतीय प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा संयुक्त रूप से ए एन एस पी प्रबंधन में एक नया मास्टर आयोजित किया गया । इस पाठयक्रम में भारतीय छात्रों की तीसरा सत्र हाल ही में आरंभ हुआ जिसमें प्रशिक्षुओं की कुल संख्या 100 से ज्यादा हो गई है ।**

**जनसंपर्क निदेशालय द्वारा जारी**
**विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें।**
**म.प्र. जसं 9811521881,011-24622787**

**प्रैस विज्ञप्ति सं. 03/2017- 18**




**श्री ए.के.दत्ता,सदस्य (एएनएस) ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की ओर से तथा महामहिम एलैक्जेंडर जिगलर, भारत में फ्रांस के राजदूत ने फ्रांस का प्रतिनिधित्व करते हुए भारत के माननीय नागर विमानन मंत्री, श्री पी.अशोक गजपति राजू एवं महामहिम श्री .ई. एलेन विडालीज, परिवहन, समुंद्री मामले तथा मत्स्य पालन राज्य मंत्री, फ़्रांस सरकार की उपस्थिती में तकनीकी सहयोग कार्यक्रम को बढाने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए ।**